**निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,**
**बिहार, पटना।**

# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक 28.06.2023**

## श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज, जिला– किशनगंज 1,10,000/– रु0 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम के द्वारा आज दिनांक 28.06.2023 को निगरानी थाना कांड सं0–024/2023 दिनांक 27.06.2023 में **श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज, जिला– किशनगंज** को 1,10,000/– (एक लाख दस हजार) रुपये रिश्वत लेते भवन निर्माण विभाग का कालू चौक, किशनगंज स्थित निरीक्षण भवन का प्रथम तल के पश्चिम कमरा से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

परिवादी श्री नरेश कुमार दास, पिता– स्व0 नारायण दास, ग्राम– खगड़ा मछमाड़ा, पो0+जिला– किशनगंज द्वारा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में दिनांक 29.05.23 को शिकायत दर्ज कराया गया था कि इनके द्वारा सिविल कोर्ट किशनगंज में सी0जी0एम0 ऑफिस के सामने पेवर ब्लाक रोड का निर्माण एवं मोतिहारा अनुसूचित जाति छात्रावास का मरम्मति कार्य पूर्ण करने के पश्चात क्रमशः 2,63,085/– एवं 4,42,307/– का भुगतान आरोपी श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज, जिला– किशनगंज द्वारा भुगतान करने के उपरांत रिश्वत की मांग की जा रही है।

ब्यूरो द्वारा सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के क्रम में आरोपी द्वारा 1,10,000/– (एक लाख दस हजार) रुपये रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। आरोप सही पाये जाने के पश्चात् उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्त्ता **श्री विकाश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक** के नेतृत्व में एक धावादल का गठन किया गया, जिनके द्वारा कार्रवाई करते हुए अभियुक्त– श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता को 1,10,000/– रु0 रिश्वत लेते भवन निर्माण विभाग का कालू चौक, किशनगंज स्थित निरीक्षण भवन का प्रथम तल के पश्चिम कमरा से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत माननीय न्यायालय, निगरानी, भागलपुर में उपस्थापित किया जायेगा।

रिश्वत मांगने से संबंधित कोई भी शिकायत कार्यालय अवधि में ब्यूरो के टॉल फ्री नं0– 0612–2215033, 2215030, 2215032, 2215036, 2215037, 2999752, दूरभाष नं0–0612–2215344 एवं मोबाइल नं0– 7765953261 पर की जा सकती है।

,,,,,